# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**मासिक आख्या मई, 2021**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2021** **दिनांक – 01 जून, 2021**

**दिनांक 01.05.2021 को समय प्रातः लगभग 11:00 बजे स्थान ग्राम तिहार के संगलाई तोक मे एक** महिला गाय चुगाते समय पैर फिसलने से लगभग 30–40 मीटर भागीरथी नदी में गिरने के कारण लापता होने के कारण जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पुलिस/एस0डी0आर0एफ0/क्यू0आर0टी0 टीम को सूचना से अवगत कराते हुए उक्त लापता महिला खोजबीन कार्य किया गया। रात्री होने के कारण रेस्क्यू कार्य रोका गया। दिनांक 02.05.2021 को उक्त महिला की पुनः खोज–बीन की गयी । जनपद आपदा प्रबन्धन द्वारा कमाण्डेट एस0डी0आर0एफ0 से समन्वय स्थापित कर महिला की कोताखोर टीम द्वारा खोज–बीन कार्य किया गया।









<u>**दिनांक 03.05.2021 को सांय 4:00 बजे अतिवृष्टि के कारण ग्राम कुमराड़ा**</u> अवस्थित भवनों में पानी भर गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल राजस्व विभाग को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। अतिवृष्टि के कारण भवनो में आंशिक रुप से पानी व मलवा घुस गया। जिसमें 02 भैंस व 01 बकरी की मलवे में मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुयी थी। जिलाधिकारी महोदय, उप जिलाधिकारी, पशुचिकित्सधिकारी, स्वास्थ्य टीम, अधि0अभि0 लो0नि0वि0 चिन्यालीसौड, बी0डी0ओ0 चिन्यालीसौड, तहसीलदार, आपदा प्रबन्धन अधिकारी घटना स्थल के लिए रवाना हुए एंव क्षतिग्रास्त परिवारो को अहैतुक सहायता वितरित की गयी तथा सार्वजनिक सम्पत्तियों जैसे आमरास्ते, पेयजल लाईन, विधुत पोल, हौ0 आदि का क्षति का मुल्यांकन/मरम्मत सम्बन्धित विभागों द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त सुरक्षा कार्यों हेतु धनराशि अवंटित की गयी।

**घटना में हुयी क्षति का विवरणः–**

- अतिवृष्टि से ग्राम कुमराड़ा में लगभग 20 से 30 भवनो में आंशिक रुप से पानी/मलवा घुसने की सूचना प्राप्त हुयी।
- सार्वजनिक परिसम्पत्तियो पेयजल लाईन, विधुत लाईन पॉल, पेयजल लाईन आदि क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुयी।
- खेतों आदि में लगभग 15 से 20 है0 भूमि में मलवा/पानी भर गया था ।
- अतिवृष्टि से ग्राम खलसी में भी क्षति होने की सूचना प्राप्त हुई।
- कुमराडा मोटर मार्ग किमी0 1.5 मे स्लिप व किमी0 05 में भू–स्खलन से मार्ग बॉधित हुआ था। जिसमे रात्रि समय रात्रि समय लगभग 04.00 बजे आवागमन हेतु यातायात हेतु सुचार किया।


हिन्दुस्तान 05
देहरादून • मंगलवार • 04 मई 2021

**कुमराड़ा में अतिवृष्टि से घरों में घुसा पानी**

उत्तरकाशी | हमारे संवाददाता

चिन्यालीसौड़ ब्लॉक के कुमराड़ा गांव में मौसम ने तबाई मचाई है। गांव में हुई मूसलाधार बारिश के चलते जाकरा गदेरा अचानक ऊफान पर आ गया।। जिससे ग्रामीणों के खेतों, खलियानों एवं घरो में पानी व मलबा भर गया। हालांकि. अतिवृष्टि से अभी तक किसी प्रकार कीजनहानी होने की सूचना नहीं है। वहीं क्षति का आंकलन करने के लिए राजस्व, पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम मौके लिए रवाना हो गई है।

उत्तरकाशी जिले में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट बदली और दोपहर बाद गिडगिडाहाट के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। मूसलाधार बारिश के चलते गमरी पट्टी के कुमराड़ा गांव में जाकरा गदेरा व नाले उफान पर आ गए। इससे बालम सिंह, इलम सिंह, प्रेम लाल, नक्शा सिंह, विजयपाल, सहित विजेन्द्र आदि ग्रामीणों के घरों, खेतों व खलियान पानी से भर गए।

जिससे पूरे गांव में अफरा तफरी मच गई और लोग सुरक्षित स्थानों को जाने लगे। करीब एक घंटे तक आये पानी व मलबे से घरों में रखा सारा सामान पूरी तरह खराब हो गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेन्द्र पटवाल ने बताया कि चिन्यालीसौड़ के ग्राम कुमराडा में अधिक वर्षा होने के कारण गांव के नाले का पानी बढ़ गया है, जिस कारण ग्रामीणों के खेतों, खलियानों एवं घरो में पानी चले गया है। उक्त ग्राम में कोई जान माल का नुकसान की सूचना नहीं है । उक्त स्थान पर पुलिस राजस्व टीम व मौजूद है।





**जिलाधिकारी महोदय/पुलिस अधीक्षक/उप जिलाधिकारी/आपदा प्रबन्धन अधिकारी आदि सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा ग्राम कुमराडा का भ्रमण कर क्षति का निरीक्षण–**









**<u>दिनाक 08.05.2021 को समय लगभग रात्रि 08:15 बजे तहसील बड़कोट क्षेत्रान्तर्गत यमुनोत्री राष्ट्रीय</u>** राजमार्ग पर डामटा से मातला की और जा रहा वाहन जो स्थान डामटा के समीप अनियंत्रित होकर लगभग 15–20 मीटर खाई में गिरकर दूर्घटनाग्रस्त हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। उक्त वाहन में चालक ही सवार था, चालक गम्भीर घायल होने पर पुलिस द्वारा डामटा चिकित्सालय में पहुॅचाया गया, जहॉ डॉ0 द्वारा घायल व्यक्ति को मृत्यु घोषित किया गया।

**दिनांक 10.05.2021 तहसील डुण्डा क्षेत्रान्तर्गत समय लगभग अपराहन 12:30 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय** राजमार्ग पर जुणगा मोटर पर लगभग 200 मीटर नीचे गिरकर दूर्घटनाग्रस्त हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। उक्त वाहन में चालक सहित 03 लोग सवार थे, जिसमें 01 व्यक्ति की घटना स्थल पर मृत्यु हुई है तथा 02 गम्भीर घायल होने पर 108 सेवा से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में लाया गया।

**दिनांक–12.05.2021 को सांय लगभग 3:00 बजे ग्राम लिवाड़ी के लुसिका नामे तोक में आकाशीय** बिजली गिरने के कारण 01 पुरूष एंव 01 महिला सामान्य घायल हुयी तथा 01 गाय की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल चिकित्सा विभाग/पुलिस/राजस्व टीम को घटना की सूचना से अवगत कराते हुये त्वरित गति से प्रतिवादन का कार्य सम्पन्न करवाया गया। अन्य किसी प्रकार की जान माल हानि की सूचना प्राप्त नही हुयी।

**दिनांक 20.05.2021 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैंड से 200 मीटर आगे मलवा व पत्थर आने** के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारु करवाया गया।









**<u>दिनांक 20.05.2021 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कुथनोर (किसाला)के पास मलवा व पत्थर आने के</u>** कारण मार्ग अवरुद्ध हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारु करवाया गया।





**दिनांक 20.05.2021 को दोपहर 3:37 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग खरादी के पास मलवा व पत्थर** आने के कारण मार्ग अवरुद्ध हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारु करवाया गया एंव मार्ग को सांय 4:18 बजे सुचारु किया गया।



**दिनांक 20.05.2021 को रात्री 9:14 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग किसाला के पास मलवा व पत्थर** आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारु करवाया गया एंव मार्ग को रात्री 10:27 बजे सुचारु किया गया।






**दिनांक 21.05.2021 को प्रातः 7:06 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग किसाला/पालीगाड़ के पास मलवा** व पत्थर आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारु करवाया गया एंव मार्ग को सांय 4:00 बजे सुचारु किया गया।



**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा आगामी मानूसन को दृष्टिगत विभिन्न विभागीय नोडल** अधिकारियों एवं अन्य सम्बन्धित विभागों की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 21.05.2021 **आपदा पूर्व तैयारी सम्बन्धी** बैठक आहूत की गयी। बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को मानसूनकाल के दृष्टिगत समस्त आवश्यक तैयारियॉ पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये।




**दिनांक 22.05.2021 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग किसाला के पास मलवा व पत्थर आने के कारण** मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय किया गया एंव 03 पोकलेण्ड, 02 ब्रेकर, 01 जें0सी0बी0, 01 कम्प्रेशर, 12 टिप्पर के द्वारा मार्ग को सुचारु किया गया।






**दिनांक 22.05.2021 को मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तराखण्ड सरकार द्वारा आपदा मानसून तैयारियों के** दृष्टिगत वीडयों कन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उक्त के सम्बन्ध में समस्त आवश्यक व्यवस्था कर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करवाये जाने हेतु सम्बन्धित विभागों को अवगत कराया गया है।



**दिनांक 24.05.2021 को समय प्रातः 12:31 बजे जनपद उत्तरकाशी के तहसील भटवाडी एवं डुण्डा** चिन्यालीसौड़/बडकोट/पुरोला एवं मोरी आदि क्षेत्रान्तर्गत भूकम्प झटके महसूस किये गये। जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

**भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–**

- भूकम्प का परिमाण – 4.3(रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश/Latitude – 30.94° N
- देशान्तर/Longitude – 79.44° E
- समय– 12:31:45 AM बजे।
- भूकम्प का केन्द्र – जनपद चमोल के अन्तर्गत जो जोशिमठ मे बताया गया।



**दिनांक 24.05.2021 को दोपहर लगभग 02:45 बजे** तहसील भटवाड़ी (उप तहसील–जोशियाड़ा) अन्तर्गत ग्राम ग्राम माण्ड़ों में श्री दया शंकर के गौशाला में बिजली के तार के कारण गौशाला मे आग लग गयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा फायर सर्विस को सूचित किया गया आग को उक्त टीमो के द्वारा काबू किया गया तथा 01 गाय, 01 बछड़ा जलकर मौके पर मृत्यु हुई तथा टिन से बनी गोशाला आशिंक रूप से क्षतिग्रस्त हुयी।



**दिनांक 28.05.2021 को प्रातः 7:19 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुनगर के पास मलवा व पत्थर आने** के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय किया गया एंव 02 व्हील डोजर, 01 कम्प्रेशर, 01 टिप्पर, 20 मजदूरो के द्वारा मार्ग को रात्री 10:00 बजे सुचारु किया गया ।





**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा** कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण के दृष्टिगत गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशानुसार कोविड नियंत्रण की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा ग्रामीण/नगरीय क्षेत्रों का डोर–टू–डोर सर्वे एवं कोरोना के नियंत्रण हेतु टीकाकरण सम्बन्धी सूचना प्रत्येक ग्राम पंचायत से दूरभाष पर सूचना प्राप्त कर संकलित की जा रही है।





**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण उत्तरकाशी द्वारा कोविड–19 के संक्रमण के नियंत्रण हेतु तैयार** किये जा रहें मैडिकल किट के पैकिंग एवं सम्बन्धितों को पहुॅचाने में त्वरित कार्यवाही दल के साथ सहयोग प्रदान किया जा रहा है।



**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 29.05.2021 को मा0 मुख्यमंत्री श्री तीरथ सिंह रावत** जी के जनपद भ्रमण के दौरान समस्त आवश्यक व्यवस्था की गयी है। मा0 मुख्यंमत्री जी द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण तथा कोविड मरीजों से मिले व कोरोना वारियर्स के बेहतर कार्य के लिए प्रशंसा की गई । उसके उपरांत मुख्यमंत्री ने कोविड केयर सेन्टर जीएमवीएन का निरीक्षण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय में स्थापित 200 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण किया।















(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>**प्रतिलिपिः**</u>– निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, यू0एस0डी0एम0ए0, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।